संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**27th August, 2024**

**DO No. 35/News Letter/CH(IC)/2024**

Dear Colleague,

The inauguration of the Udaipur CGST Commissionerate building by the Hon'ble Union Finance Minister is another step towards our ongoing efforts to enhance infrastructure and taxpayer services. The modern building unveiled in Udaipur is not just about accommodating more officers, it is essential to equip the officers with the tools and environment necessary to manage the increased workload effectively and maintain high standards of service delivery – underscoring the CBIC's commitment to establishing a congenial and transparent interface between the citizens and the tax administration. In her address, the Hon'ble Finance Minister emphasized the need to instil a welcoming atmosphere for the public. Towards this, a simple gesture such as sharing a cup of tea with visitors can go a long way in breaking the ice and fostering a more comfortable and collaborative environment. After all, it's often in these small moments of connection that trust and understanding are built.

Alongside the building inauguration, the revamped ICETAB 2.0 was also launched, in the august presence of the Hon'ble Finance Minister. The advanced ICETABs align with our broader objective of improving India's standings in the Ease of Doing Business Index by resulting in faster clearances, accessing and managing the documents on the go, enhanced transparency with new features such as real-time image uploads during examination and reducing overall logistics costs. All the field formations are urged to extensively utilize the improved functionalities of ICETAB 2.0.

The second edition of the National Conference of Enforcement Chiefs of the Central and State GST Formations was held in New Delhi, underlining the collective

North Block, New Delhi-110 001 Tel. : +91-11-23092849, 23092890 E-mail : sanjayk.agarwal@gov.in

strategy for strengthening GST enforcement. The conference was a convergence of the Department of Revenue, CBIC, State GST enforcement, and various intelligence and enforcement agencies. The discussions revolved around the importance of balancing enforcement with the ease of doing business while reviewing the actions taken on initiatives identified during the first edition of the conference, with an emphasis on stringent action against the masterminds behind fake ITC rackets.

An illustrious officer of the CBIC, Shri Jomy Jacob, presently posted in Kochi, has completed the prestigious Ironman Copenhagen triathlon—one of the world's most challenging endurance events. Held in Denmark, the competition required participants to complete a 3.8 km swim, 180 km cycling, and a full marathon of 42 km. Remarkably, Jomy, a seasoned endurance athlete and certified mountaineer, conquered this gruelling challenge in 13 hours and 27 minutes, despite having only recently learned to swim. His journey from a novice swimmer to an Ironman is bound to inspire many and his counsel is both simple and profound: continue to dream boldly, adhere to discipline, and draw strength from the support of those around you!

Last week, the DRI Siliguri Regional Unit uncovered a unique case of large-scale duty evasion in the movement of Portland Pozzolana Cement (PPC) from Bhutan into India. On the basis of data obtained from Bhutan Customs and the data available with Indian Customs, huge discrepancy was noticed in the cement imported through Birpara LCS. Data analytics further revealed that a large number of Indian consignees were fake/ non-existent. The coordinated search operations by DRI has led to recovery of incriminating documents/ evidence and two individuals involved in this organized duty evasion have been arrested. The evasion detected so far amounts to Rs. 33.03 crores. The team's diligent investigation in this case is highly commendable! It also brings home the point that periodic matching of documents between the two countries is of utmost importance.

*Until next week!*

Yours sincerely,

**(Sanjay Kumar Agarwal)**

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

27 अगस्त, 2024

**DO No. 35/News Letter/CH(IC)/2024**

प्रिय सहकर्मी ,

उदयपुर सीजीएसटी आयुक्तालय भवन का उद्घाटन माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा हमारी बुनियादी ढांचे और करदाता सेवाओं को सुदृढ़ करने के निरंतर प्रयासों की दिशा में एक और कदम है। उदयपुर में उद्घाटित आधुनिक भवन न केवल अधिक अधिकारियों को समायोजित कर सकेगा, बल्कि यह अधिकारियों के बढ़ते कार्यभार को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और सेवा वितरण के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए आवश्यक उपकरण और वातावरण प्रदान करने के लिए आवश्यक है तथा नागरिकों और कर प्रशासन के बीच एक अनुकूल और पारदर्शी संबंध स्थापित करने के लिए सीबीआईसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने संबोधन में, माननीय वित्त मंत्री ने जनता के लिए एक स्वागत योग्य माहौल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दिशा में, आगंतुकों के साथ एक कप चाय साझा करने जैसा सरल इशारा भी संबंधों को मजबूत करने और एक अधिक आरामदायक और सहयोगात्मक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आखिरकार, अक्सर इन छोटे-छोटे पलों में ही विश्वास और समझ का निर्माण होता है।

भवन के उद्घाटन के साथ ही, माननीय वित्त मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में पुनर्निर्मित ICETAB 2.0 का भी शुभारंभ किया गया। उन्नत ICETABs का उद्देश्य ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इंडेक्स में भारत की रैंकिंग को बेहतर बनाना है, जिससे तीव्र क्लियरेंस, दस्तावेजों का सरल प्रबंधन, निरीक्षण के दौरान रियल-टाइम इमेज अपलोड जैसी नई सुविधाओं के साथ पारदर्शिता में वृद्धि और कुल लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। सभी फील्ड फॉर्मेशन को ICETAB 2.0 का व्यापक रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

केंद्रीय और राज्य जीएसटी फॉर्मेशन के नेशनल कांफ्रेंस ऑफ़ एनफोर्समेंट चीफ्स के दूसरे संस्करण का आयोजन नई दिल्ली में किया गया, जिसमें जीएसटी एनफोर्समेंट को मजबूत करने के लिए सामूहिक रणनीति पर जोर दिया गया। यह सम्मेलन राजस्व विभाग, सीबीआईसी, राज्य जीएसटी एनफोर्समेंट और विभिन्न खुफिया और एनफोर्समेंट एजेंसियों का एक समागम था। चर्चा का मुख्य केंद्र, व्यापार सुगमता के साथ एनफोर्समेंट के

संतुलन का महत्व और सम्मेलन के पहले संस्करण के दौरान पहचानी गई पहलों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा था, साथ ही फर्जी आईटीसी रैकेट के मास्टरमाइंड्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर जोर दिया गया।

सीबीआईसी के एक विशिष्ट अधिकारी, श्री जोमी जैकब, जो वर्तमान में कोच्चि में पदस्थ हैं, ने विश्व के सबसे चुनौतीपूर्ण सहनशक्ति कार्यक्रमों में से एक, प्रतिष्ठित आयरनमैन कोपेनहेगन ट्रायथलॉन को पूरा किया है। यह प्रतियोगिता डेनमार्क में आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइक्लिंग, और 42 किमी की फुल मैराथन पूरी करनी होती है। उल्लेखनीय रूप से, जोमी, एक अनुभवी सहनशक्ति एथलीट और प्रमाणित पर्वतारोही, ने इस कठिन चुनौती को 13 घंटे 27 मिनट में पूरा किया, जबकि उन्होंने हाल ही में तैराकी सीखना शुरू किया था। एक नवोदित तैराक से आयरनमैन बनने की उनकी यात्रा कई लोगों को प्रेरित करने वाली है, और उनकी सलाह सरल और गहन है: साहसिक सपने देखना जारी रखें, अनुशासन का पालन करें, और अपने आस-पास के लोगों के समर्थन से शक्ति प्राप्त करें!

पिछले सप्ताह, डीआरआई सिलीगुड़ी क्षेत्रीय इकाई ने भूटान से भारत में पोर्टलैंड पोज़ोलाना सीमेंट (पीपीसी) के परिवहन में बड़े पैमाने पर शुल्क चोरी का एक अनूठा मामला उजागर किया। भूटान कस्टम्स से प्राप्त आंकड़ों और भारतीय कस्टम्स के साथ उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर, बिर्पारा एलसीएस के माध्यम से आयातित सीमेंट में भारी विसंगति पाई गई। डेटा एनालिटिक्स से यह भी पता चला कि बड़ी संख्या में भारतीय प्राप्तकर्ता फर्जी/अस्तित्वहीन थे। डीआरआई द्वारा समन्वित सर्च अभियानों के परिणामस्वरूप उपयोगी दस्तावेज/सबूत बरामद किए गए हैं और इस संगठित शुल्क चोरी में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक, कर चोरी की राशि 33.03 करोड़ रुपये है। इस मामले में टीम की मेहनत और जाँच अत्यधिक सराहनीय है! इससे यह भी स्पष्ट होता है कि दोनों देशों के बीच दस्तावेज़ों का आवधिक मिलान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

*अगले सप्ताह तक !*

भवदीय,

संजय कुमार

**(संजय कुमार अग्रवाल)**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।